**जनपद बिजनौर**

**प्रेसनोटः- थाना कोतवाली शहर दिनांक 01.03.2026**

# थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तगण को चोरी के सामान सहित किया गया गिरफ्तार।

## घटना एंव कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण-



दिनांक 01.03.2026 को वादी मौ0 सारिम पुत्र जमीर अहमद निवासी चांदुपर चुंगी कस्बा व थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर द्वारा थाना कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि उसने व आसपास के व्यक्तियों द्वारा अभियुक्तगण रुपाली पुत्र अनिल निवासी ग्राम बभनईया पूरब पलियागोपालपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर व एन्थोनी पुत्र चनौसी निवासी ग्राम त्यागीपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर को वादी की घर की छत से काटे गये ए0सी0 के तार, 02 ब्लेड,01 पेचकस व 01 पलास सहित पकड कर थाना कोतवाली शहर लाया गया है।

थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा उपरोक्त प्रकरण से संबंधित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तथा इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 163/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

## पुछताछ का विवरण-

अभियुक्तों ने बताया कि वे(अभियुक्तगण रुपाली व एंथोनी) दोनों आज सुबह लगभग 06:30 बजे चाँदपुर चुंगी के पास एक छत पर लगे ए0सी0 के तार काट रहे थे, तभी वहां मौजूद लोगों द्वारा उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया।

अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि इससे पूर्व माह सितंबर 2025 में ग्राम मौहल्लड़पुर के जंगल क्षेत्र में रात्रि के समय खेतों में लगे 04 ट्यूबवेलों से स्टार्टर व तार आदि चोरी किए थे(जिसके संबंध में थाना कोतवाली शहर पर मु0अ0स0 802/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है)। चोरी किए गए तारों को निकालकर उन्होंने घूमने-फिरने वाले कबाड़ी वालों को बेच दिया था। शेष बचा हुआ सामान उन्होंने नगीना रोड स्थित गन्ना मिल के पास एक बरगद के पेड़ के नीचे एक कट्टे में भरकर एक खंडहर में छिपा दिया था, जिसे वे दो-चार दिन के भीतर कबाड़ी को बेचने वाले थे।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1.रुपाली पुत्र अनिल निवासी ग्राम बभनईया पूरब पलियागोपालपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर

2.एन्थोनी पुत्र चनौसी निवासी ग्राम त्यागीपुर थाना दोस्तपुर जनपद सुल्तानपुर

## बरामदगी का विवरण-

1. मु0अ0सं0 163/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस से संबंधित ए0सी0 के तार, 02 ब्लेड,01 पेचकस व 01 पलास

2.अभियुक्तगण की निशादेही पर मु0अ0स0 802/2025 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित ट्यूबवेलों से चोरी किये 03 स्टार्टर, 03 कट-ऑउट, व 02 स्टार्टर के ढक्कन बरामद किये गये।

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त रुपाली उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 163/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

2.मु0अ0स0 802/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त एन्थोनी उपरोक्त-**

1.मु0अ0सं0 163/26 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

2.मु0अ0स0 802/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

3.मु0अ0सं0 248/24 धारा 331(4)/305(a)/317(2) बीएनएस थाना गांगलहेडी जनपद सहारनपुर

4.मु0अ0सं0 78/21 धारा 379/411 भादवि थाना जीआरपी सहारनपुर अनुभाग मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 अंकुर पाल थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

2.हे0कां0 117 मनोज थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

3.कां0 2070 मोहित थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

4.कां0 1198 संदीप थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर

**जनपद बिजनौर**

**प्रेसनोट – थाना मंडावर** **दिनांक – 01.03.2026**

**थाना मंडावर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 60/26 धारा 333/109(1)/351(3) बी0एन0एस0 मे वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार ।**

**घटना एंव कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण –**



दिनांक 28.02.2026 को वादिनी द्वारा थाना मंडावर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 27.02.2026 को अभियुक्त नजीर उर्फ नजरूद्दीन उर्फ समी पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम जहांगीरपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर द्वारा जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया गया था।

इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना नहटौर पर मु0अ0सं0 60/26 धारा 333/109(1)/351(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

आज दिनांक 01.03.2026 को थाना मंडावर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त नजीर उर्फ नजरूद्दीन उर्फ समी पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम जहांगीरपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर को घटना में प्रयुक्त कैन सहित गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

नजीर उर्फ नजरूद्दीन उर्फ समी पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम जहांगीरपुर थाना मंडावर जनपद बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1.उ0नि0 श्री मैन कुमार थाना मंडावर जनपद बिजनौर
2.हे0का0 685 शक्ति सिंह थाना मंडावर जनपद बिजनौर
3.का0 2334 भूषण थाना मंडावर जनपद बिजनौर

**जनपद बिजनौर**

**प्रेसनोटः- थाना नहटौर** **दिनांक 01.03.2026**

## थाना नहटौर पुलिस द्वारा नकबजनी के 02 वांछित अभियुक्तों को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार।

**घटना एंव कार्यवाही सक्षिप्त विवरण-**



दिनांक 27.02.2026 को वादिनी मोनिका गिरि पुत्री योगेश गिरि ग्राम कलाली थाना नहटौर जनपद बिजनौर ने थाना नहटौर पर तहरीर दी कि अभियुक्तगण 1.धीरज पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम कलाली थाना नहटौर जनपद बिजनौर 2.हेमंत पुत्र पवन सिंह निवासी ग्राम टपरोला थाना नहटौर जनपद बिजनौर द्वारा ग्राम मकरन्दपुर मानक स्थित पचांयत घर का ताला तोडकर उसमें रखा सामान 01 टीएफटी स्क्रीन, 01 की बोर्ड एच0पी0, 01 यूपीएस, एक सीपीयू, 01 प्रिंटर, 01 इन्वर्टर व 02 बैट्रे चोरी कर ली है। इस सम्बन्ध में थाना नहटौर पर मु0अ0सं0 59/2026 धारा 305(a)/331(4) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया।

आज दिनांक 01.03.2026 को थाना नहटौर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण धीरज व हेमंत उपरोक्त को चोरी किये गये 01 टीएफटी स्क्रीन, 01 की बोर्ड एचपी, 01 यूपीएस, 01 सीपीयू, 01 प्रिंटर, 01 इनवर्टर व 02 बैट्रे सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1.धीरज पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम कलाली थाना नहटौर जनपद बिजनौर
2.हेमंत पुत्र पवन सिंह निवासी ग्राम टपरोला थाना नहटौर जनपद बिजनौर

**आपराधिक इतिहास अभि0 धीरज कुमार उपरोक्त –**

1.मु0अ0सं0 59/2026 धारा 305(a) 331(4)/317(2) बीएनएस थाना नहटौर जनपद बिजनौर,
2. मु0अ0सं0 213/21 धारा 392/411 भादवि थाना धामपुर जनपद बिजनौर
3. मु0अ0सं0 264/21 धारा 392/411 भादवि थाना नजीबावाद जनपद बिजनौर

**आपराधिक इतिहास अभि0 हेमंत कुमार उपरोक्त –**

1.मु0अ0सं0-59/2026 धारा 305(a) 331(4)/317(2) बीएनएस थाना नहटौर जनपद बिजनौर ,
2.मु0अ0सं0 469/17 धारा 147/148/307 भादवि 4/25 शस्त्र अधि0 थाना नगीना जनपद बिनजौर
3.मु0अ0सं0 75/2018 धारा - 4/25 थाना धामपुर जनपद बिजनौर
4.मु0अ0सं0 76/18 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना धामपुर जनपद बिजनौर
5.मु0अ0सं0 473/17 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना नहटौर जनपद जनपद बिजनौर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री हरिप्रकाश सिहं, थाना नहटौर जनपद बिजनौर
2. हे0का0 514 मनीष कुमार थाना नहटौर जनपद बिजनौर
3. का0 1369 रोहित कुमार, थाना नहटौर जनपद बिजनौर
4. का0 1073 अमित मलिक, थाना नहटौर जनपद बिजनौर
5. का0 995 सद्दाम हुसैन थाना नहटौर जनपद बिजनौर